रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

ट्रोल हुईं सोनाक्षी

केबीसी में आसान सवाल का सही जवाब न दे पाने पर सोनाक्षी सिन्हा सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का शिकार हुई हैं।



पीएम आवासः लक्ष्य 4 लाख, बन रहे 42 हजार पेज 02 | तकरोही में तीन दिन से पानी सप्लाई ठप पेज 05

रविवार, 22 सितंबर 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण www.livehindustan.com वर्ष 10, अंक 37, 24 पेज + 4 पेज फुरसत, मूल्य ₹ 4.00, आश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी, विक्रम सम्वत् 2076



# एसएमएस में तकनीक उत्सव

**लखनऊ।** स्कूल ऑफ मैनेजमेंट सांइसेज, सुलतानपुर रोड में शनिवार को इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की ओर से दो दिवसीय तकनीक एवं सांस्कृतिक उत्सव 'इलेक्ट्रेट' आयोजित हुआ।

इस समारोह का उद्घाटन मेट्रो रेल कारपोरेशन के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार खरे ने किया। उन्होंने छात्रों को कॅरियर के हर क्षेत्र तकनीक का महत्व बताया। संस्थान के महानिदेशक डॉ. भरतराज सिंह ने बताया कि इसमें 19 संस्थानों के 462 छात्रों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि 'इलेक्ट्रेट' में छात्रों को एक ओर नई तकनीक से परिचित होने का मौका मिला। महापौर संयुक्ता भाटिया व संस्थान के सीईओ शरद सिंह मौजूद रहे।